कार्यालय पुलिस आयुक्त जोधपुर

–:: प्रेस नोट ::–

आज दिनांक 15.03.2022 को पुलिस मुख्यालय राज. जयपुर के निर्देशानुसार सरदार पटेल सभागार, पुलिस लाईन आयुक्तालय जोधपुर में पुलिस प्राथमिकता 2022 के सम्बन्ध में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिये एक दिन की कार्यशाला का आयोजन श्रीमान पी. रामजी महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रैंज जोधपुर की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें पुलिस उपायुक्त पूर्व श्री भूवन भूषण यादव, पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण श्री अनिल कयाल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री कैलाशदान, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) जोधपुर श्रीमती विनिता, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व श्री नाजिम अली, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम हरफूलसिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अभय कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल) श्री विक्रमसिंह, श्री गोपालसिंह, श्री फाउलाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण श्री सुनिल के. पंवार, सहायक पुलिस आयुक्त (केन्द्रीय) रंजिता शर्मा प्रशिक्षु आईपीएस एवं पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में पदस्थापित सहायक पुलिस आयुक्तगण, थानाधिकारीगण आयुक्तालय जोधपुर व थानाधिकारीगण जिला जोधपुर ग्रामीण शामिल हुए। श्री आनन्द वर्द्धन शुक्ला रिटायर्ड आईपीएस द्वारा संबोधित किया गया।

कार्यशाला के प्रारम्भ में श्री आनन्द वर्द्धन शुक्ला रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी ने अपने अनुभवों के आधार पर सॉफ्ट स्कील डवलपमेन्ट, व्यवहार कुशलता, पुलिस द्वारा आम जनता के प्रति रवैये के बारे में, पीड़ित व आगन्तुकों के साथ अच्छा व्यवहार करने के सम्बन्ध में व्याख्यान दिया गया तथा पुलिसकर्मी के व्यवहार, पुलिस से आम जनता को क्या अपेक्षा है, आगन्तुकों को पुलिस से डर न लगे, बिना डर के पुलिस थाने आ सके, पीड़ित व आगन्तुकों को ध्यानपूर्वक सुने, इस दिशा में पुलिस को प्रयास करना चाहिये। विदेशों में पुलिस किस तरह से कार्य कर रही है, उनसे प्रेरणा लेने के बारे में भी व्याख्यान दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी अपने – अपने विचार व्यक्त कर पुलिस की कार्यशैली के बारे में सवाल जबाब किये गये। अन्त में श्रीमती रंजिता शर्मा प्रशिक्षु आईपीएस द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(विनीता)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
(मुख्यालय) जोधपुर